

## एक नजर में

### पेंशनर संघ की बैठक संपन्न



**छापीहेड़ा 21 अगस्त, सं.** नगर में गायत्री मंदिर परिसर पर नगर की प्रोग्रेसिव पेंशनर्स शाखा छापीहेड़ा की बैठक रखी गई जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं तथा भावी रणनीति पर चर्चा की गई नवीन पेंशनर्स राजाराम मालवीय, जुम्मा का मंसूरी, कैलाश शर्मा का शाल श्रीपाल फूल माला से स्वागत किया गया दीपावली बाद जिला स्तरीय पेंशनर्स सम्मेलन रखने पर विचार विमर्श किया गया बैठक में रामचंद्र चौहान, रामचंद्र दांगी ,महेश गुप्ता ,ओंकार बक्ष दांगी ,राधेश्याम गुप्ता, मोहन बैरागी, शिवनारायण शर्मा, गंगाराम मालवीय, सांवरलाल टेलर, कृष्ण बल्लभ गुप्ता आदि उपस्थित थे .

### शालाओं में रीडिंग कैम्पेन का आयोजन

**राजगढ़ 21अगस्त, का.** शासन के निर्देशानुसार सत्र प्रारंभ में स्कूल चले हम अभियान 2025 अंतर्गत अप्रैल माह में शालाओं में बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है . इसी क्रम में शालाओं में अध्ययनरत बच्चों की पठन क्षमताओं और पढ़ने की आदतों के विकास के लिये, शाला पुस्तकालय की सुद्धढता नियमित संचालन तथा आगामी अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस हेतु तैयारी के उद्देश्य से जिले की शालाओं में रीडिंग कैम्पेन का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है . रीडिंग कैम्पेन के लिये कहानी सुनाओ पहल के अंतर्गत विद्यालयों में उपस्थित होकर पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों में से एक चयनित पुस्तक का वाचन / कहानी वाचन बच्चों के साथ किया जाना है . कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा अभियान डॉ . गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा इसके लिये अधिकारियों को शाला आवंटित की गई है . संबधित अधिकारी आवंटित शालाओं में 22 अगस्त, 2025 को पुस्तकालय कक्ष/रीडिंग कार्नर का अवलोकन करेंगे . साथ ही इसके संचालन हेतु आवश्यक सुझाव साझा करते हुए पुस्तकालय की कोई एक छात्ररुचि की पुस्तक का उपयोग करते हुए बच्चों के साथ कहानी वाचन करेंगें .

### बारिश से दो मकान धरशायी

**खुजनेर/ब्यावरा 21 अगस्त, सं.** तेज बारिश के चलते खुजनेर तहसील के तहत दो गांव में कच्चे मकान एवं पशु शेड क्षतिग्रस्त होने से एक बाइक एवं घर गृहस्थी का सामान को नुकसान पहुंचा है. भू अभिलेख शाखा राजगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार खुजनेर तहसील के ग्राम रामपुरिया में बुधवार को तेज बारिश से गांव के राधेश्याम पिता मांगीलाल का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं गांव के देवीलाल पिता मांगीलाल का एक पशुशेड क्षतिग्रस्त हो गया. जबकि खुजनेर तहसील के ही ग्राम नानोरी में एक आवासीय घर का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से वहां रखी एक बाइक व घर गृहस्थी का सामान क्षत्रिस्त हो गया .

# ई अटेंडेंस को लेकर सख्त हुआ विभाग

## शासकीय शिक्षकों को हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से ही उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़/ब्यावरा 21 अगस्त, का. शिक्षा विभाग ई अटेंडेंस को लेकर सख्त हो गया है. शासकीय शिक्षकों को हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से ही उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश देते हुए विभाग द्वारा इसका सख्ती से पालन करने की बात कही है. जारी आदेश में कहा है कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.**

कार्यालय जिला शिक्षाधिकारी के यहां से जिले के सभी विकासखंड अधिकारी, संकुल प्राचार्यो को जारी आदेश में कहा है कि हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से शिक्षको की उपस्थिति दर्ज कराई जाये.

### 1 जुलाई से अनिवार्य लागू

आदेश में कहा है कि 23 से 30 जून 2025 तक व्यवस्था की परीक्षण अवधि उपरांत अब 1 जुलाई से इसे अनिवार्य रुप से लागू कर दिया गया है .



### समय की पाबंदी होगी

आदेश में कहा गया है कि यह डिजिटल उपस्थिति प्रणाली एजुकेशन पोर्टल 3-0 का अंग है . जिसका उद्देश्य सही समय की पाबंदी, निगरानी, सेवा अभिलेख एकीकरण एवं अनुपस्थित प्रवृति पर नियंत्रण सुनिश्चित करना है .

आदेश में संचालनालय लोक शिक्षण भोपाल का हवाला देते हुए कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से हमारे शिक्षक ई-गवर्नेंस प्लेटफार्म के माध्यम से सभी शासकीय विद्यालयों के शिक्षक नियमित एवं अतिथि अपनी उपस्थिति एवं अवकाश दर्ज करें.

### स्कूल समय 10 .30 से 4 .30 बजे

आदेश में विद्यालय का समय प्रात: 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक रखा गया है.प्रत्येक कार्य दिवस पर शिक्षकों को प्रात: 10.30 बजे से 11.30 बजे के मध्य जीपीएस आधारित उपस्थिति दर्ज करना होगी. जबकि स्कूल से जाने का समय शाम 4.30 बजे से 5 बजे के मध्य होगा उसमें भी उपस्थिति दर्ज करना होगी.

### हर स्तर पर होगी जिम्मदारी

संकुल प्राचार्य अपने अधीनस्थ विद्यालयों की रोजाना निगरानी करेंगे. प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक अनुपालन रिपोर्ट विकासखंड शिक्षा अधिकारी को देंगे. वहीं विकासखंड शिक्षाधिकारी समस्त संकुलों की संकलित रिपोर्ट प्रत्येक मंगलवार जिला कार्यालय को प्रेषित करेंगे. जबकि जिलाशिक्षाधिकारी मासिक रिपोर्ट संकलित कर संचालनालय लोक शिक्षण भोपाल को प्रेषित करेंगे.

### ये है दंडात्मक प्रावधान

उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर नियमित शिक्षकों का आधे दिवस का आकस्मिक, ऐच्छिक अवकाश स्वत: कटेगा तथा अतिथि शिक्षकों का उस दिवस का मानदेय अस्वीकृत होगा.

### ई अटेंडेंस को लेकर विरोधाभास भी

एक और जहां शिक्षा विभाग द्वारा समय पर शिक्षक स्कूल पहुंचे, स्कूल का समय पर एवं निर्धारित समय तक संचालन हो इस उद्देश्य से ई अटेंडेंस व्यवस्था को लागू किया गया है वहीं कुछ संगठनों के द्वारा इस व्यवस्था को अव्यवहारिक बताते हुए कहा जा रहा है कि आखिर शिक्षकों के लिए ही यह व्यवस्था क्यों बनाई है . अन्य विभागों में भी यह लागू हो . जबकि शिक्षक अपना शैक्षणिक कार्य बखूबी निभा रहे है . शैक्षणिक कार्य के साथ ही अन्य दी जाने वाली जिम्मेदारियों का भी बखूबी निर्वहन किया जा रहा है . साथ ही इसमें व्यवहारिक तौर पर दिक्कतों की बात कही जा रही है . कई जगह नेटवर्क नहीं मिलने आदि समस्याएं भी सामने आती रही है . इन सबके बीच आखिरकार विभाग द्वारा इस व्यवस्था को सख्ती के साथ पालन करने हेतु मानों कमर कस ली है .



# उपहार पाकर खुश हुए बच्चे

### जिला प्रशासन की उपहार योजना में बच्चों को बांटे स्कूल बेग

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 21 अगस्त, का. जिला कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला उपहार योजना के तहत गुरुवार को नवीन प्रवेशित कक्षा 1 के बच्चों को उपहार स्वरुप स्कूल बेग का वितरण किया गया. स्कूल बैग पाकर बच्चे काफी उत्साहित हो उठे.**

गुरुवार को ब्यावरा विकासखण्ड में एसडीएम श्रीमती गीतांजलि शर्मा द्वारा कन्या उच्चतर माध्मिक विद्यालय ब्यावरा में बेग वितरित किए गये. उन्होंने कहा कि कोई भी उपहार बच्चों को आनंदित कर देता है. स्कूल बेग पाकर बच्चे काफी प्रफुल्लित और खुश दिख रहे है यह एक अच्छा अवसर है.


तहसीलदार सुभाश अलावे द्वारा सीएम राईज स्कूल, शासकीय उमावि एक्सीलेंस तथा शासकीय मिडिल स्कूल जूना ब्यावरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आर.के. मण्डल द्वारा शासकीय मिडिल स्कूल नारियाबे एवं मिडिल स्कूल निवानिया, तहसीलदार सुठालिया दोजीराम अहिरवार द्वारा शासकीय मिडिल स्कूल खनोटा, शासकीय मिडिल परलापुरा, शासकीय मिडिल स्कूल कानेड, नायब तहसीलदार मलावर सुश्री सपना झिलोरिया द्वारा शासकीय प्रावि आगर, मिडिल स्कूल जामुनिया, हायर सेकेण्डरी स्कूल मलावर, महाविद्यालय प्राचार्य डा. आर.के. गुप्ता द्वारा शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ढकोरा, मिडिल स्कूल हबीपुरा, परियोजना अधिकारी लवकेश अग्रवाल द्वारा प्रावि खरेटिया, झरखेड़ा, लोधीपुरा, विकासखण्ड शिक्षाधिकारी दिलीप कुमार शर्मा द्वारा प्रावि जामी, मिडिल स्कूल जामी एवं मिडिल स्कूल चुकलिया, बीआरसीसी जी.के.दुबे द्वारा मावि बिसौनिया, सिंगापुरा, सिटी थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह धाकड़ द्वारा प्रावि इंदिरा नगर, राजस्व निरीक्षक तहसील देवीसिंह यादव द्वारा प्रावि बरखेड़ा, पीपल्याबे, खुरी में बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गये.

**कलेक्टर की अनूठी पहल**
जिला कलेक्टर की इस अनूठी पहल से शाला में बच्चों को प्रोत्साहन मिलेगा और वह नियमित शाला आने के लिए प्रेरित होंगे. इसका उद्देश्य है कि शालाओं में बच्चों की उपस्थिति बड़े और व्यवस्थित शिक्षण किया जाए.

कलेक्टर के आदेशानुसार गुरुवार को अधिकारीद्वय स्वयं स्कूलों में पहुंचे तथा बेग वितरण कर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए नियमित रुप से शाला आने की बात कही. उन्होंने शालाओं की स्थिति को जाना.

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी, पुलिस जुटी जांच में

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 21 अगस्त, सं.** शहर के सुदर्शन नगर वार्ड क्र. 16 निवासी 40वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते आपने घर मे पंखे पर लटक कर फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली जानकारी मिलते ही पुलिस बल घटना स्थल पोहच कर लाश को आपने कब्जे मे ले कर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया, पुलिस ने वर्ग का मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है, पुलिस के हरिनारायण यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश पिता रामचंद्र राठौर उम्र 40 वर्ष निवासी सुदर्शन नगर वार्ड क्र. 16 सारंगपुर सुबह 9.30के लगभग अपने घर पर अकेला था और पत्नी प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के लिए निकल गई थी. इसी दौरान युवक ने पंखे पर लटक कर फांसी लगा ली, युवक का मोबाइल जब्त कर लिया गया है.



जिस की कॉल डिटेल निकाली जाएगी. इस के बाद उचित करवाई की जायेगी फिलहाल मर्ग कायम कर पुलिस ने मामला जांच में लिया है.

युवक उज्जैन में चाय की दुकान चालता था और सुबह उज्जैन जाने के लिए तैयार होकर जाने का बोल रहा था. तभी किसी व्यक्ति से मोबाइल पर बातचीत हुई और उसने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली.

### भागवत कथा 24 से

**जीरापुर 21 अगस्त, सं.** नगर के डग रोड़ रायल स्कूल के समीप स्थित स्थानीय शिवशक्ति धाम मंदिर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा रविवार 24 अगस्त से शुरू होगी . रविवार को कलश यात्रा से भागवत कथा का शुभारंभ होगा . भागवत कथा पंडित हीरालाल शर्मा बखेड़ वाले विश्वनाथ धाम आश्रम मुंदड़ा कॉलोनी जीरापुर वाले प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा करेंगे .



## नव प्रवेशी बच्चों को बांटे बैग

**नवभारत न्यूज**
**खिलचीपुर 21 अगस्त, सं.** जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिला उपहार योजना अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र खाजली अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक विद्यालय पुरा खाजला में 12 नव प्रवेशी कक्षा 1 में अध्ययन करने वाले छात्रों को तिलक लगाकर और हार फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया. बाहर से आये लखन लाल ठाकुर जिला आबकारी अधिकारी राजगढ़ एवं जनशिक्षक राजकुमार सिंह खींची, अरविंद स्वर्णकार के द्वारा बेग वितरित किए. शासकीय प्राथमिक विद्यालय गुंदीपुरा में 5 छात्रों को और प्राथमिक विद्यालय खाजला में 6 छात्रों को बेग वितरित किए. बेग वितरण का उद्देश्य छात्रों को विद्यालय में नियमित आने हेतु प्रोत्साहित करना है.

बेग वितरण करने में जिला शिक्षा अधिकारी एवं परियोजना समन्वयक करण सिंह भिलाला विकासखंड शिक्षा अधिकारी चुन्नीलाल दांगी, विकासखंड समन्वयक नौशाद अली और जनशिक्षा केंद्र प्रभारी महेश पालीवाल का विशेष सहयोग रहा. साथ ही बैग वितरित करते समय जनप्रतिनिधि में ग्राम पूरा खाजला के सरपंच रमेश तंवर एवं शिक्षक संतोष राव, सविता हरकुटे, रामबाबू दांगी, कँवरलाल वर्मा, विजेंद्र सिंह परमार आदि उपस्थित रहे.

# शासकीय विद्यालयों में छात्र छात्राओं को बैग बांटे

**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया 21 अगस्त, सं.** शासकीय माध्यमिक विद्यालय परलापुरा में कलेक्टर राजगढ़ के निर्देशन में प्रभारी तहसीलदार दोजीराम अहिरवार द्वारा कक्षा -1 के छात्र छात्राओं को बैग वितरित किए. इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन करते हुए उन्हें मन लगाकर पढाई करने को कहा. बैग प्राप्त कर बच्चे बहुत प्रसन्नचित दिखे. इस अवसर पर जनशिक्षक शिवशंकर बमोरिया सहित संस्था के शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

### तीन स्कूलों में बैग वितरण किया

**छापीहेड़ा 21 अगस्त, सं.** नगर के संकुल केंद्र के तहत कलेक्टर जिला आहार योजना अंतर्गत तीन शालाओं में कक्षा एक में नवीन प्रवेशी छात्रों को बैग वितरण किया गया जीपीएस आवास कॉलोनी जीपीएस नंबर दो छापीहेड़ा तथा जीपीएस आवास भाटखेड़ा में तीनों स्कूल में कक्षा एक में प्रवेश कुल 25 छात्रों को बैग वितरण किया इस अवसर पर हर्षित चौधरी एसडीओ पीडब्ल्यूडी,जन शिक्षा चंपालाल दांगी ,भारतीय नागर ,शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे.



### 3 किलोवॉट सोलर लगाने पर 78 हजार की सब्सिडी

**राजगढ़ 21 अगस्त, का.** ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एमपीयूवीएनएल) के एमडी ने कहा है कि ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में प्रदेश निरंतर बेहतरीन कार्य कर रहा है. प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने के लिये शासन प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहा है. योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने पर शासन द्वारा 78 हजार रूपये की सब्सिडी का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है.

### आयोजन की भव्य तैयारियां जोरशोर से

**नरसिंहगढ़ 21 अगस्त, सं.** नगर में 29 अगस्त से सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन प्रारंभ होगा . आयोजन को लेकर तैयारियां जोरशोर से जारी है .स्थानीय स्टेडियम परिसर में यह आयोजन होगा जो 4 सितम्बर तक चलेगा . हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में धर्माचार्य सोमेश परसाई के सानिध्य में यह आयोजन होगा .



## मशाल यात्रा का भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 21 अगस्त, सं.** छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और उनकी स्मृति में निकाली जा रही गरुड़झेप यात्रा उत्तर प्रदेश के शहर आगरा से शुरू होकर गुरुवार सुबह सारंगपुर पहुँची. जहाँ सामाजिक संगठन एवं धार्मिक संगठनो के द्वारा शहर में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया.

यात्राओ ने पचोर में रात्रि विश्राम के बाद सुबह आगे प्रस्थान किया. यात्रा में शामिल एडवोकेट मारुतिआवा गोले बताते हैं कि हम प्रतिवर्ष यात्रा निकालते हैं. मुगलों के औरंगजेब के कैद से 17 अगस्त 1666 को शिवाजी महाराज आजाद हुए थे. इस खुशी में एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की स्मृति में यह यात्रा निकाली जा रही है.

17 अगस्त को आगरा से शुरू हुई यात्रा 27 अगस्त 2025 को 1310 किमी की दूरी तय कर पुणे महाराष्ट्र के रायगढ़ किले पर पहुँचकर संपन्न होगी.

**संदेश** — जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश के नाम से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया

# गणेश प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 21 अगस्त, 2025 म.प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत खिलचीपुर, राजगढ़ एवं जीरापुर में मिट्टी गणेश प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया.**

इस अभियान के माध्यम से हर घर में माटी की प्रतिमा स्थापित करने का संदेश दिया गया है. 18 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर में, 19 को राजगढ़ के अंत्योदय प्रबोधन संस्थान में तथा 21 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय जीरापुर के सभागृह में एक दिवसीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.



प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, सीएमसी एलडीपी छात्र-छात्राएँ एवं स्वैच्छिक संगठन प्रतिनिधि शामिल हुए. कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्री प्रवीण सिंह पवार ने कहा कि मिट्टी गणेश विसर्जन के बाद प्राकृतिक रूप से विलीन हो जाते हैं, जिससे प्रदूषण नहीं होता, जबकि पी.ओ.पी. मूर्तियाँ पर्यावरण व जल-जीवों के लिए हानिकारक हैं. प्लास्टर ऑफ पेरिस (पी.ओ.पी.) की प्रतिमाएँ पानी में घुलती नहीं हैं जिस वजह से जल में प्रदूषण फैलता है और जल-जीवों को नुकसान होता है. वहीं माटी की प्रतिमाएँ आसानी से घुलकर मिट्टी में मिल जाती हैं जिससे पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता. मूर्तिकार श्री हेमेंद्र प्रजापति एवं शोक कुशवाह ने मिट्टी प्रतिमा निर्माण की प्रक्रिया समझाई.

प्रतिभागियों को बताया गया कि पीली मिट्टी को छानकर उसमें 25 प्रतिशत राख मिलाकर अच्छे से मिट्टी तैयार करें और गूंथकर प्रतिमा बनाएं. विशेष अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य हिमांशु चास्टा ने भी पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया. विकासखंड समन्वयक मंगल व्यास, नीलेश गुप्ता एवं बीरम सिंह परमार ने प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों द्वारा माटी के गणेश का निर्माण कराया गया तथा प्रतिभागियों को अपने-अपने गाँवों में मिट्टी गणेश स्थापना हेतु घर घर गणेश, हर घर गणेश, विराजे माटी गणेश प्रेरित करने का संकल्प दिलाया.

परिषद के कर्मचारी और वालंटियर द्वारा लोगों को माटी गणेश के विषय में जानकारी दी गई. माटी से बनी हुई प्रतिमाएँ ही खरीदें और फिर अपने घर पर ही उनका पूजन करें. जिससे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके.



## बाइक दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

### राजगढ़ एसडीएम ने पहुंचाया घायलों को अस्पताल

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 21 अगस्त, सं.**गुरुवार को एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से उस पर सवार पति-पत्नी घायल हो गये जिन्हें मौके से गुजर रही राजगढ़ एसडीएम द्वारा अपने वाहन से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया.

जानकारी के अनुसार आत्माराम पिता भंवरलाल धाकड़ अपनी पत्नी संजू बाई के साथ शाजापुर से अपने गांव दोबड़ा जमींदार जा रहे थे कि अचानक ग्राम टूटियाहेड़ी के यहां बाइक के सामने बकरी आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई. जिससे दोनों पति-पत्नी घायल हो गये. इस दौरान राजगढ़ एसडीएम निधि भारद्वाज रास्ते से जा रही थी. उन्होंने वाहन रोकते हुए तत्काल दोनों घायल को अपने वाहन के द्वारा सारंगपुर के सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों पति-पत्नी का प्रारंभिक इलाज कर अस्पताल में भर्ती किया गया. एसडीएम के इस कार्य की सरहाना की जा रही है.